tifltation, etc. This information is still awaited from some of the States. There is also paucity of resources. It is, therefore, too early to take decision about conversion of existing routes into National Highways.

उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्गों का आधुनिकीकरण

719. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय :** क्या जल-भूतल परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उत्तर प्रदेश से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्गों के सुधार और आधुनिकीकरण संबंधी कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन हैं यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है ;

(ख) क्या इस संबंध में राज्य सरकार से कोई प्रस्ताव और योजनाएं प्राप्त हुई हैं; और

(ग) यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है ?

जल-भूतल परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जगदीश टाइटलर) : (क) राष्ट्रीय राजमार्गों का सुधार तथा आधुनिकीकरण एक सतत प्रक्रिया है और अनुमोदित विकास योजनाओं के आधार पर प्रस्ताव तैयार किए जाते हैं और उन पर विचार किया जाता है।

(ख) और (ग) राज्य सरकार से प्राप्त प्रस्तावों के ब्योरे संलग्न विवरण में दिए गए हैं।

विवरण

राष्ट्रीय राजमार्गों पर सुधार कार्यों के संबंध में उत्तर प्रदेश सरकार से प्राप्त प्रस्तावों हेतु अनुमानों की सूची

	कार्य का नाम	राशि (लाख रु०)
1.	इरादत गंज के समीप रा.रा.–27 पर लेवल क्रासिंग सं. 430 के स्थान पर आर ओ बी	67.40
2.	रा.रा.–25 पर 40 कि.मी. पर मौरवां नहर के लिए सम्पर्क मार्ग	44.16
3.	रा.रा.–29 पर गौथा बस स्टाप के समीप और इसके उत्तर में 153 कि.मी. पर पुलिया का निर्माण	6.90
4.	रा.रा. 25 पर लखनऊ-कानपुर सड़क पर 40 कि.मी. पर मौरवां नहर ब्रांच पर पुल का निर्माण	41.38
5.	भोगनीपुर (रा.रा. 2 और 25 का जंक्शन) के चौराहे पर सुधार कार्य	14.80
6.	रा.रा.–28 पर हता कस्बे में 301 से 303 कि. मी. तक "हई सो ड्र्ज" बनाना	24.82
7.	झिंझाणपुर जिले में रा.रा.–7 पर 99, 100 और 111 कि.मी. पर शेष बचे भाग में सुधार कार्य	44.61
8.	रा.रा.–2 के 273 कि.मी. पर (कानपुर–वाराणसी खंड) चार लेन वाले भाग में बेस कोर्स और तल पट्टी की व्यवस्था।	22.85